# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (06.02.2025)**



HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.02.2025, PAGE-06

# पीजी की मेरिट तैयार, आज की जाएगी जारी

**बीआरएबीयू**

- पहली मेरिट लिस्ट में 10 हजार 500 छात्र, कई विषयों में कटऑफ 90 फीसदी से ऊपर
- साइंस के विषयों में सबसे अधिक गया है कटऑफ
- आर्ट्स में इतिहास विषय में सबसे अधिक कटऑफ

**11** हजार सीटों के लिए लिस्ट होगी जारी, पहली सूची में 10500 विद्यार्थी होंगे

**08** फरवरी से दाखिला, फिर सीटों के आधार पर जारी होगी दूसरी लिस्ट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी की मेरिट लिस्ट तैयार है। कई विषयों में कटऑफ 90 फीसदी से ऊपर गया है। 11 हजार सीटों के लिए मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में 10 हजार 500 छात्र छात्राएं शामिल होंगी। आठ फरवरी से दाखिला शुरू होने की उम्मीद है। डीएसडब्ल्यू डॉ. आलोक प्रताप ने बताया कि बुधवार को विवि में बंदी के कारण मेरिट लिस्ट जारी नहीं हो सकी। गुरुवार को मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। हर कैटेगरी में अलग-अलग कटऑफ गया है। पहली मेरिट लिस्ट में आवेदन के अनुपात में लगभग 50 फीसदी छात्र-छात्राएं आ पाए हैं। नामांकन के बाद रिक्त सीटों के आधार पर ही दूसरी लिस्ट जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय अधिकारी के अनुसार साइंस के विषयों में सबसे अधिक कटअफ गया है। आर्ट्स में इतिहास विषय में सबसे अधिक कटऑफ गया है। साइंस में जूलॉजी में 90 फीसदी से अधिक कटऑफ जाएगा। पीजी में विभिन्न विषयों में नामांकन को लेकर 26297 आवेदन आया था। इसमें सबसे अधिक इतिहास में 3888 आवेदन आया है। जूलॉजी में 2300 आवेदन आया। इसमें पहली मेरिट लिस्ट में लगभग 50 फीसदी अभ्यर्थी ही आ पाएंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.02.2025, PAGE-04

# विश्वविद्यालय कैंपस में अब टेबल टेनिस सेंटर की होगी शुरुआत

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को जल्द ही टेबल टेनिस के अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी। इस पर खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अपनी बेहतर तैयारी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार मुख्यालय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और मैचों का अनुभव प्रदान करने के लिए टेबल टेनिस सेंटर की शुरुआत की जा रही है। सबकुछ ठीक रहा तो दूसरे सप्ताह तक इसका शुभारंभ हो जाएगा। अभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



विश्वविद्यालय में तैयार हो रहा टेबल टेनिस सेंटर ● जागरण

एलएस कालेज के बैडमिंटन हाल के बगल वाले भवन में नया टेबल टेनिस सेंटर अवस्थित होगा। बहुत पहले इसमें विश्वविद्यालय का एडमिट कार्ड सेक्शन हुआ करता था। इसके बाद कापियों को रखने के लिए भी इस भवन का इस्तेमाल किया गया था। इसका जीर्णोद्धार करते हुए टीटी सेंटर के लिए इसे मेंटेन किया जा रहा है। स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर से इसकी शुरुआत कराई गई है। अक्सर खिलाड़ी टेबल टेनिस खेलने की सुविधा शुरू करने की मांग लेकर काउंसिल में पहुंचते थे। नए टीटी सेंटर में दो से अधिक टीटी बोर्ड लगाए जाएंगे। यहां खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डा. कांतेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से तेजी से प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में नए टीटी सेंटर की शुरुआत होनी है।

**500 और 300 रुपये होगा सदस्यता शुल्क:** नए टीटी सेंटर में विश्वविद्यालय और कालेज के टीटी खिलाड़ियों के साथ ही बाहरी खिलाड़ी भी अभ्यास कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें सदस्यता और मेंटेनेंस शुल्क देना होगा। यह काफी कम होगा। बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए बाहरी खिलाड़ियों को 500 रुपये तो कालेज और विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को 300 रुपये शुल्क देना होगा। सेंटर की साफ-सफाई से लेकर इसे मेंटेनेंस करने के लिए यह कदम उठाया गया है। साथ ही सेंटर में एक प्रशिक्षक भी रहेंगे। खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए उनकी देखरेख में तैयारी करेंगे।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 06.02.2025, PAGE-04**


# विवि में टेलब-टेनिस के अभ्यास की सुविधा जल्द

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में अब विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को जल्द ही टेबल- टेनिस के अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी. विवि पहली बार मुख्यालय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और मैचों का अनुभव प्रदान करने के लिए



टेबल टेनिस सेंटर की शुरुआत कर रहा है. नये टीटी सेंटर में विवि व कॉलेज के टीटी खिलाड़ियों के साथ ही बाहरी खिलाड़ी भी अभ्यास कर सकेंगे. इसके लिए उन्हें सदस्यता व मेंटेनेंस शुल्क देना होगा. खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने के लिए बाहरी खिलाड़ियों को 500 रुपये तो कॉलेज व विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को 300 रुपये फी देनी होगी. दूसरे सप्ताह तक इसका शुभारंभ होने की उम्मीद है. एलएस कॉलेज के बैडमिंटन हाल के बगल वाले भवन में नया टेबल टेनिस सेंटर अवस्थित होगा. बीआरएबीयू के स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ कांतेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से तेजी से प्रयास हो रहे हैं.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 06.02.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू : लॉ में सात तक होगा नामांकन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू से लॉ में ऑनस्पॉट नामांकन का विकल्प दिये जाने के बाद कॉलेजों की ओर से सूची से इतर विद्यार्थियों का दाखिला लिया जा रहा है. विश्वविद्यालय ने सफल हुए छात्रों के लिए ऑनस्पॉट दाखिले का विकल्प दिया था. इसके लिए सात फरवरी तक का समय दिया गया है. इसके बाद भी कॉलेज जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची में नहीं है या वे प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे. उनका दाखिला ले रही है. इसकी शिकायत विश्वविद्यालय के अधिकारियों से की गयी है. विवि की ओर से कहा गया है कि सूची से बाहर के छात्रों के दाखिला लेने की स्थिति में संबंधित कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. ऐसे छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकेगा.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 06.02.2025, PAGE-04

## पीजी की मेधा सूची आज हो सकती है जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पीजी की मेधा सूची गुरुवार को जारी होगी. मेधा सूची जारी करने से पूर्व कटऑफ तैयार कर लिया गया है. पहली सूची में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स को शामिल किया जाएगा. ऐसे में 15 हजार से अधिक स्टूडेंट्स को दूसरी सूची के लिए इंतजार करना पड़ सकता है. पीजी में सभी विषयों को मिलाकर 26 हजार से अधिक आवेदन आया था. आठ से नामांकन के लिए प्रक्रिया शुरू हो सकती है.